HAMIRPUR POLICE

परेड एवं दंगा नियंत्रण का अभ्यास

आज दिनांक 11.12.2024 को क्षेत्राधिकारी सदर हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। साथ ही जनपद में आकस्मिक परिस्थितियों/ सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन व जनपद के समस्त थानों से के पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस अधि0/कर्म0गण द्वारा विधि विरूद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का आभ्यास किया गया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हमीरपुर एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।